-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 28.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में "ऑपरेशन क्लीन" के क्रम में थाना बबेरु पर काफी लम्बे समय से खड़े लावारिस तथा मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किए गए 10 वाहनों (मोटरसाइकिल) की निर्धारित पारदर्शी नीलामी प्रकिया से कराई गई नीलामी।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में चलाए जा रहे **"ऑपरेशन क्लीन"** जनपद के विभिन्न थानों पर लम्बे समय से खड़े लावारिस और मोटरवाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज किए गए वाहनों की **पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया** के तहत दिनाक 27.09.2025 को थाना बबेरु पर **10 वाहनों (मोटरसाइकिल)** की नीलामी संपन्न कराई गई। यह नीलामी प्रक्रिया पूर्व में निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर पूरी पारदर्शिता एवं नियमों के अनुरूप आयोजित की गई। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोगों को पहले से जानकारी दी गई थी, और इच्छुक निविदाकारों ने नियमानुसार भाग लिया। इस नीलामी में शामिल वाहन विभिन्न थानों पर वर्षों से अनुपयोगी स्थिति में खड़े थे, जिससे थानों के परिसरों में अव्यवस्था की स्थिति बन रही थी। ऐसे वाहनों की समयबद्ध नीलामी से न सिर्फ स्थान खाली हुआ, बल्कि शासन को राजस्व की प्राप्ति भी हुई। नीलामी की पूरी प्रक्रिया राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और संबंधित अधिकारियों की देखरेख में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को समाप्त करने के लिए पूरी निगरानी रखी गई। नीलामी प्रक्रिया में क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह, मजिस्ट्रेट के रुप में नायब तहसीलदार बबेरु श्री मनोहर सिंह, प्रभारी निरीक्षक बबेरु श्री राजेन्द्र सिंह राजावत उपस्थित रहे।